Bharat Diary, August 25, 2011

टीसीएस आईटी वीज आर्मि स्कूल ने विजेता का खिताब

पुणे, २४ अगस्त (भा.प्र.) : जानी मानी आईटी सेवा कन्सल्टिंग और बिजनेस सॉल्यूशन प्रदाता कंपनी टाटा कन्सल्टैन्सी सर्विसेज द्वारा आयोज़ित टीसीएस आईटी विज २०११ में पुणे के ४५ स्कूलें की उत्साही भागीदारी देखी गई है। भारत की इस सबसे पडी इंटर स्कूल आईयी क्लिज का आयोजन यशवंतराव चव्हाण नाट्यगृह, कोथरूड, पुणे में किया गया था और इसमें ८५० से अधिक छात्रों ने भाग लिया

प्रारंभिक राऊंड तथा कडे फाईनल राऊंड के बाद आर्मि पब्लिक स्कूल के ज्ञानेन्द्र मिश्रा और एस. ऋषिरोज ने विजेता की ट्राफी पर कब्जा जमाया। इसके अलावा, दोनों प्रतिभा गियों को गैलेक्सी टैबलेट तथा डिजीटल कैमरा भी उपहारस्वरूप मिला। मॉर्डन ज्यूनियर कॉलेज स्कुल के तनय चंदकर और निशाद दावखार दुसरे स्थान पर रहे और उन्हे पुरस्कार में ट्रॉफी के अलावा आईपॉड टच मिले। शिरीष गोडबोले, प्रेसीडेंट, इंफॉरमेशन टैक्नौलॉजी, सुजला न एनर्जी लिमिटेड, पुणे प्रोफेसर सहस्त्रबुद्धे, डायरेक्टर कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग पुणे तथा अरविंद पाध्ये, सेंटर हैड, टीटीएस और प्रोफेसर हैरिक विन, वाईस प्रेसिडेंट टीसीएस ने पुरस्कार वितरीत किए। फाईनल में पहुंचनेवाले ६ फाइनलिस्टों को टीसीएस की और से ट्रैवल बैग, हैडफोन, पोर्टेबल स्पीकर लेज प्वाइंटर, यूएसबी पैन ड्राईव्ह आदी दिए गए। टिसीएस आईटी विज के दर्शकों को भी सही जवाब पर बैकपैक, पैन ड्राईव्ह, मिनी पोर्टेबल स्पीकर तथा टी-शर्ट आदी प्रदान किए गए।